Lecture Notes

Topic – Attitude

M.A. I
Sem I
CC-2

Dr. Kumari Sadhana Prasad
Associate Prof.
Dept. of Psychology
H. D. Jain College, Ara

CC-2

classmate

Attitude

1.

मनोवृत्तियाँ किसी वस्तु के प्रति मान्यताएँ और व्यवहार है। वे स्थिर नहीं है, और अन्य लोगों के संचार और व्यवहार के कारण, सामाजिक प्रभावों द्वारा परिवर्तन के अधीन है, साथ ही संज्ञानात्मक असंगति होने पर संज्ञानात्मक स्थिरता बनाए रखने के लिए व्यक्ति प्रेरणा से - जब दो व्यवहार या दृष्टिकोण और व्यवहार संघर्ष।

सामाजिक अभिवृत्तियों (मनोवृतियों) की गणना सामाजिक मनोविज्ञान में बहुत ही महत्वपूर्ण सम्प्रत्ययों में की जाती है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से मनोवृत्ति शब्द काफी जटिल तथा विवादग्रस्त है। इसकी एक भी वैज्ञानिक परिभाषा उपलब्ध नहीं है; जिस पर सभी मनोवैज्ञानिक तथा समाज-वैज्ञानिक सहमत हों। इस असहमति का कारण अपना-अपना सैद्धांतिक दृष्टिकोण है। एक समय था जब कुछ मनोवैज्ञानिक सामाजिक मनोविज्ञान एवं अभिवृत्ति के अध्ययन को एक जैसा मानते थे 1940 से इस दृष्टिकोण में परिवर्तन आया और 1950 तक समूह गतिकी (Group Dynamics) पर सामाजिक मनोविज्ञानिकों का ध्यान केन्द्रित हो गया। 1960-70 के दशक में इसका प्रभाव कम हो गया लेकिन पुनः मनोवृति पर होने वाले अध्ययनों की संख्या बढ़ने लगी और तब से लेकर आज तक यह सम्प्रत्यय सामाजिक मनोविज्ञान में एक महत्वपूर्ण सम्प्रत्यय बना हुआ है। क्योंकि मानव जीवन में इसका प्रभाव सर्वत्र दिखाई पड़ता है।

किसी भी वस्तु, व्यक्ति या विचार के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होगा यह हमारी मनोवृत्तियों पर निर्भर करता है। यही कारण है कि सामाजिक मनोविज्ञान में अभिवृत्तियों पर व्यापक स्तर पर सैद्धान्तिक एवं आनुभविक कार्य हुए हैं। सामाजिक मनोवैज्ञानिक Gergen 1974 के अनुसार — "विशिष्ट वस्तुओं के प्रति विशेष रूपों में व्यवहार करने की प्रवृति (झुकाव) को मनोवृति कहते हैं।"

Fishbein & Ajzen, 1975 के अनुसार:— "किसी वस्तु के प्रति संगत रूप से अनुकूल या प्रतिकूल प्रतिक्रिया करने की अर्जित पूर्व प्रवृति को मनोवृति कहते हैं।"

Edwards के अनुसार :— "किसी मनोवैज्ञानिक वस्तु से सम्बद्ध सकारात्मक या नाकारात्मक भाव की मात्रा को मनोवृति कहते हैं।"

Sears, Peplau, Taylor, 1991 के अनुसार — "Attitude is an enduring response disposition with a Cognitive Component, an affective Component and a behavioral Component."

मनोवृति एक अमूर्त (abstract) concept है। यह एक मानसिक तथा स्नायु-स्थिति है, जिसे मूर्त रूप में देखना संभव नहीं है। मनोवृति के दो पक्ष हैं Mental realm और neural realm. इन दोनों पक्षों का मापन verbal report & automatic reaction के तीव्रता के रूप में संभव होता है।